**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**प्रधानमंत्री ट्रम्प–बयान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भावनाओं का पूर्ण रूप से सम्मान करते हैं और भारत–अमरीका संबंधों के सकारात्मक आकलन की गहराई से सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने ट्रम्प के हालिया बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भारत और अमरीका की साझेदारी बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध व्यापक और वैश्विक स्तर पर रणनीतिक हैं। ट्रम्प ने कल रात वाशिंगटन में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अमरीका के बीच विशेष संबंध हैं और इन्हें लेकर दोनों देशों में चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी एक महान प्रधानमंत्री हैं और वे हमेशा उनके मित्र रहेंगे।

........................................................................

**बचाव अभियान**

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने के साथ ही आज प्रशासन का बचाव अभियान संपन्न हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं।

........................................................................

**निर्मला सीतारामन**

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर –जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पूंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। सीतारामन ने कहा कि 99 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से 18 प्रतिशत तक का जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर 50 प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है।

........................................................................

**मांडविया**

केंद्र सरकार पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों के लिए हज़ारों प्रशिक्षित मेरा युवा भारत आपदा मित्र तैनात करेगी। नई दिल्ली स्थित एम.वाई भारत मुख्यालय में उच्च

स्तरीय बैठक में खेल और युवा कार्यक्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने यह जानकारी दी। उन्होंने एम. वाई. यानी मेरा युवा भारत स्वयं सेवकों और जिला युवा अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए जिलाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। एम.वाई. भारत राष्ट्रव्यापी प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे स्वयं सेवा और अनुभव सम्बंधी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए बनाया गया है।

---

## कुल्लू हादसा

कुल्लू के  अखाड़ा बाजार क्षेत्र में भूस्खलन हादसे में जान गवाने वाले तीन लोगों के पार्थिव शरीर आज सुबह श्रीनगर पहुंचा दिए गए हैं। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि खराब मौसम के कारण हैलीकॉप्टर सेवा संचालित नहीं हो सकी इसलिए इन्हें सड़क मार्ग द्वारा भेजा गया। उपायुक्त ने बताया कि इस घटना में 8 लोग मलबे में दब गए थे जिनमें से 6 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं जबकि दो अन्य शवों की तलाश के लिए अभियान युद्धस्तर पर जारी है।

---

## दुर्घटना

ऊना ज़िले के गगरेट के पास एक एम्बुलेंस के गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हुई है जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

---

## मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में आज मॉनसून की हल्की वर्षा हो रही है। इस मॉनसून सीजन में राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपये की क्षति हुई है। प्रदेश में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 360 लोगों की जान जा चुकी है और 47 लोग लापता हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज अनेक भागों में गरज–चमक के साथ वर्षा हो सकती है जबकि कल से राज्य में मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने की संभावना है। अगले तीन–चार दिन राज्य के कुछ भागों में हल्की वर्षा के आसार हैं।

---